बाग़ से खाली कब्र तक

गथसमनी के बाग़ से खाली कब्र तक, ईस्टर मानव इतिहास में सबसे गम्भीर लम्हे का प्रतिनिधित्व करता है - यीशु मसीह की मृत्यु और पुनरुत्थान के माध्यम से परमेश्वर की उद्धार योजना की पूर्ति। जब हम इस पवित्र मौसम पर विचार करते हैं, तो हम ईश्वरीय प्रेम को मृत्यु पर विजय प्राप्त करते हुए देखते हैं, जो मानवता को कल्पना से परे सबसे बड़ा उपहार प्रदान करता है: हमारे पुनर्जीवित प्रभु के माध्यम से अनन्त उद्धार।

'क्योंकि परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा कि उसने अपना एकलौता पुत्र दे दिया, ताकि जो कोई उस पर विश्वास करे वह नष्ट न हो, परन्तु अनन्त जीवन पाए।' (यूहन्ना 3:16)। जब हम इस पवित्र हफ्ते की घटनाओं से रु-ब-रु होते हैं तो उस क़ुरबानी की गहराई को समझते हुए जिसकी ज़रूरत परमेश्वर के प्रेम को है, यह जानी-पहचानी आयत अपने नए अर्थ हासिल करती है।

ईस्टर का मार्ग धोखेबाज़ी की छाया में शुरू होता है। गथसमनी के बाग़ में, यीशु ने पिता की इच्छा के प्रति पूर्ण समर्पण का प्रदर्शन किया, जबकि उसकी आत्मा 'मृत्यु के बिंदु तक दुःख से विचलित थी' (मरकुस 14:34)। मसीह जानता था कि उसे कितनी पीड़ा उठानी होगी, फिर भी उसकी प्रार्थना में अटूट आज्ञाकारिता झलकती है: 'तौभी जैसा मैं चाहता हूँ वैसा नहीं, पर जो तू चाहता है वही हो।' (मरकुस 14:36)। सर्वोच्च समर्पण का यह क्षण हमें सिखाता है कि सच्चे विश्वास का अर्थ है अपने सबसे बुरे समय में भी परमेश्वर की योजना पर भरोसा रखना।

इसके बाद की घटनाएँ - दिखावटी मुक़दमा, बेरहम कोड़े और गोलगोथा की यात्रा - मानव पाप की गहराई और ईश्वरीय प्रेम की ऊँचाई को प्रकट करती हैं। जैसा कि यशायाह ने सदियों पहले भविष्यवाणी की थी: 'परन्तु वह हमारे ही अपराधों के कारण घायल किया गया, वह हमारे अधर्म के कामों के कारण कुचला गया; हमारी ही शान्ति के लिये उस पर ताड़ना पड़ी, कि उसके कोड़े खाने से हम लोग चंगे हो जाएँ।' (यशायाह 53:5)। हर कोड़ा, हर काँटा, हर कील हमारे छुटकारे की कीमत की गवाही देती है।

कलवरी पर, हम पाप की भयावहता और अनुग्रह के आश्चर्य दोनों को देखते हैं। क्रूस बलिदानपूर्ण प्रेम के अंतिम प्रतीक के रूप में खड़ा है, जहाँ परमेश्वर के पापहीन पुत्र ने मानवता के सभी अपराधों का भार उठाया। 'जो पाप से अज्ञात था, उसी को उसने हमारे लिये पाप ठहराया कि हम उसमें होकर परमेश्वर की धार्मिकता बन जाएँ।' (2 कुरिन्थियों 5:21)। जैसा कि यीशु ने घोषणा की 'पूरा हुआ' (यूहन्ना 19:30), उसने हर भविष्यवाणी को पूरा किया, ईश्वरीय न्याय को संतुष्ट किया, और परमेश्वर और मनुष्य के बीच की खाई को पाट दिया।

लेकिन क्रूस कहानी का अंत नहीं है। यदि मसीह की मृत्यु अंतिम अध्याय होती, तो हमारा विश्वास व्यर्थ होता। जैसा कि पौलुस ने लिखा: 'और यदि मसीह नहीं जी उठा, तो हमारा प्रचार करना भी व्यर्थ है, और

तुम्हारा विश्वास भी व्यर्थ है।' (1 कुरिन्थियों 15:14)। पुनरुत्थान सब कुछ बदल देता है। जब मरियम मगदलीनी और अन्य महिलाएँ रविवार की सुबह कब्र के पास पहुँचीं, तो उन्होंने इतिहास का सबसे बड़ा चमत्कार देखा – पत्थर लुढ़क गया और मृत्यु पराजित हो गई।

स्वर्गदूत की घोषणा युगों-युगों तक गूंजती रही: 'वह यहाँ नहीं है; वह जी उठा है, जैसा उसने कहा था' (मत्ती 28:6)। इन शब्दों ने मानव इतिहास की दिशा बदल दी और आज भी जीवन को बदलना जारी रखते हैं। पुनरुत्थान यीशु द्वारा अपनी पहचान और मिशन के बारे में किए गए हर दावे को प्रमाणित करता है। यह साबित करता है कि वह वास्तव में परमेश्वर का पुत्र है, जिसके पास मृत्यु पर भी अधिकार है। जैसा कि रोमियों 1:4 में कहा गया है, उसे 'और पवित्रता की आत्मा के भाव से मरे हुओं में से जी उठने के कारण सामर्थ्य के साथ परमेश्वर का पुत्र ठहरा है।'

पुनरुत्थान के निहितार्थ गहरे और व्यक्तिगत हैं। क्योंकि मसीह जीवित है, इसलिए हम भी जीवित रहेंगे। उसकी जीत हमारी जीत बन जाती है, उसका जीवन हमारा जीवन बन जाता है। 'परन्तु सचमुच मसीह मुर्दों में से जी उठा है, और जो सो गए हैं उनमें वह पहला फल हुआ।' (1 कुरिन्थियों 15:20)। पुनरुत्थान इस बात को सच्चाई से बताता है कि मृत्यु ने अपना डंक खो दिया है और कब्र को हरा दिया गया है। हम एक जीवित उद्धारकर्ता की सेवा करते हैं जो वायदा करता है 'क्योंकि मैं जीवित हूँ, इसलिए तुम भी जीवित रहोगे' (यूहन्ना 14:19)।

ईस्टर की सुबह एक नई सृष्टि की शुरुआत करती है। जिस शक्ति ने यीशु को मृतकों में से जीवित किया, वही शक्ति आज विश्वासियों के जीवन को बदल देती है। जैसा कि पौलुस समझाता है: 'इसलिये यदि कोई मसीह में है तो वह नई सृष्टि है : पुरानी बातें बीत गई हैं; देखो, सब बातें नई हो गई हैं!' (2 कुरिन्थियों 5:17)। पुनरुत्थान केवल स्मरण करने के लिए एक ऐतिहासिक घटना नहीं है - यह एक वर्तमान वास्तविकता है जो विश्वास करने वाले सभी लोगों को आशा, उद्देश्य और नया जीवन प्रदान करती है।

यह ईस्टर विजय व्यक्तिगत उद्धार से परे ब्रह्मांडीय महत्व तक फैली हुई है। मसीह का पुनरुत्थान सभी सृष्टि की बहाली की शुरुआत करता है, क्योंकि परमेश्वर सभी चीजों को नया बनाना शुरू करता है। खाली कब्र घोषणा करती है कि पाप, मृत्यु और शैतान पराजित दुश्मन हैं। हालाँकि हम इस वर्तमान युग में अभी भी बुराई के खिलाफ़ लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन युद्ध निर्णायक रूप से जीत लिया गया है। जैसा कि पौलुस विजयी रूप से घोषणा करता है: 'परन्तु परमेश्वर का धन्यवाद हो! वह हमें हमारे प्रभु यीशु मसीह के द्वारा विजय प्रदान करता है' (1 कुरिन्थियों 15:57)।

पुनरुत्थान विश्वासियों को मसीही सेवा के लिए भी सशक्त बनाता है। वही आत्मा जिसने मसीह को मृतकों में से उठाया, वह विश्वासियों में वास करती है, जिससे हम विजयी रूप से जीवन जी पाते हैं और प्रभावी रूप से सेवा कर पाते हैं। जैसा कि पौलुस ने प्रार्थना की, हम 'विश्वास करने वालों के लिए उसकी अतुलनीय महान शक्ति को जान सकते हैं। वह शक्ति वैसी ही है जैसी उसने मसीह को मरे हुओं में से जिलाने के समय दिखाई थी' (इफिसियों 1:19-20)।

जीवित मसीह हमें इस सुसमाचार को ऐसे संसार में बाँटने का आदेश देता है जिसे आशा की सख्त ज़रूरत है। कब्र पर मौजूद महिलाओं को पहला सुसमाचारी आदेश मिला: 'और शीघ्र जाकर उसके चेलों से कहो कि वह मृतकों में से जी उठा है' (मत्ती 28:7)। यह आदेश आज सभी विश्वासियों तक फैला हुआ है। हम उसके पुनरुत्थान के साक्षी हैं, जिन्हें पृथ्वी के हर कोने में ईस्टर का संदेश घोषित करने के लिए बुलाया गया है।

इस ईस्टर के मौसम में, आइए हम अपने जी उठे प्रभु में आनन्दित हों, जिसने मृत्यु पर विजय प्राप्त की है और हमारे अनन्त उद्धार को सुरक्षित किया है। आइए हम अपने दैनिक जीवन में उसके पुनरुत्थान की शक्ति को अपनाएँ, उसकी जीत से अपनी हार को विजय में बदलने दें। जब हम खाली कब्र का जश्न मनाते हैं, तो हम प्राचीन मसीही अभिवादन के शब्दों को दोहरा सकते हैं: 'वह जी उठा है! वह वास्तव में जी उठा है!'

ईस्टर की सुंदरता केवल उन ऐतिहासिक घटनाओं में नहीं है जिन्हें हम याद करते हैं, बल्कि आज जीवन को बदलने की उसकी निरंतर शक्ति में है। क्योंकि वह जीवित है, हम कल का सामना आत्मविश्वास के साथ कर सकते हैं, यह जानते हुए कि कोई भी चीज हमें उसके प्रेम से अलग नहीं कर सकती। जैसा कि पौलुस ने घोषणा की: 'परन्तु इन सब बातों में हम उसके द्वारा जिसने हम से प्रेम किया है, जयवन्त से भी बढ़कर हैं।' (रोमियों 8:37)।

यह ईस्टर हमारे दिलों को हमारे जी उठे उद्धारकर्ता में नए सिरे से खुशी, उसके बलिदान के लिए गहरी शुक्रगुज़ारी और उसकी सेवा के लिए नई प्रतिबद्धता से भर दे। कब्र खाली है, मृत्यु पराजित है और मसीह विजयी होकर राज करता है। यह ईस्टर की महिमा है - न केवल एक अतीत की घटना, बल्कि एक वर्तमान वास्तविकता जो उन सभी को आशा, उद्देश्य और अनंत जीवन प्रदान करती है जो पुनर्जीवित प्रभु में विश्वास करते हैं।

'अब शान्तिदाता परमेश्वर, जो हमारे प्रभु यीशु को जो भेड़ों का महान् रखवाला है सनातन वाचा के लहू के गुण से मरे हुओं में से जिलाकर ले आया, तुम्हें हर एक भली बात में सिद्ध करे, जिससे तुम उसकी इच्छा पूरी करो, और जो कुछ उसको भाता है उसे यीशु मसीह के द्वारा हम में उत्पन्न करे। उसी की महिमा युगानुयुग होती रहे। आमीन।' (इब्रानियों 13:20-21)।

Lyndon Buckingham
General